दिनांक 16 दिसंबर 2020

स्वच्छ और सुंदर भिलाई

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में 5375 लोगों ने कराया अब तक इलाज, लैब जांच के बाद महज कुछ ही समय में प्राप्त हो रही है रिपोर्ट

- शिविर स्थल का आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में अब तक 5375 लोगों ने अपना इलाज कराया है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से दो मोबाइल मेडिकल यूनिट तथा एक दाई-दीदी क्लीनिक निगम क्षेत्र में संचालित हो रही है! प्रतिदिन अलग-अलग स्लम क्षेत्रों में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोग प्रातः से पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ ले रहे हैं! शिविर का समय प्रातः 8:00 से 3:00 बजे तक नियत किया गया है! स्वास्थ्य शिविर में 1356 लोगों ने लैब टेस्ट कराया है! शिविर में हिमोग्लोबिन, पेशाब, बीपी, शुगर एवं अन्य तरह की जांच शामिल है! 4732 मरीजों ने शिविर में निशुल्क दवाइयां प्राप्त की है! आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करने कोसा नगर एवं कोहका पहुंचे! चिकित्सकों से दवाइयों के स्टॉक की तथा किस प्रकार की दवाइयों का वितरण अधिक किया जा रहा है की जानकारी ली! उन्होंने निर्देश दिए कि लैब परीक्षण के उपरांत जितनी शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध करा सकें करावे ताकि रिपोर्ट के आधार पर बीमारी के कारणों का पता चल सके और शीघ्र उपचार हो सके व समय पर दवाइयां भी दी जा सके! इससे मरीजों की शीघ्र स्वस्थ्य होने की संभावना बढ़ेगी!

जनसंपर्क अधिकारी